# 199 में से 135 के निराकरण का दावा, दिव्यांग लौटा मायूस

- छात्रा को छात्रावास और किसान को मिला भुगतान

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 30 जून, मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया. जनसुनवाई में कुल 199 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 135 आवेदनों का तत्काल निराकरण की बात की जा रही है. शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए.**

जनसुनवाई के दौरान देवेन्द्र कुशवाहा की पुत्री को तत्काल बालिका छात्रावास, उदयपुर में प्रवेश दिलाया गया. वहीं हरबाई कुशवाहा के पुत्र को सेंट साईं नाथ स्कूल, विदिशा से ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) उपलब्ध कराई गई. इसके अलावा गुलाबगंज निवासी जितेंद्र यादव की शिकायत पर इंद्रा इंटरनेशनल स्कूल द्वारा अधिक बस शुल्क वसूले जाने के मामले में जांच कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए. विदिशा तहसील के ग्राम मूडरा मुहाना निवासी फूल सिंह सिलावट के प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े आवेदन का भी जांच के बाद मौके पर ही निराकरण कर दिया गया. भले ही प्रशासन दावा करे की 199 शिकायतों में से 135 का निराकरण कर दिया हो लेकिन इसी के बीच यह भी सच्चाई है कि एक दिव्यांग उनकी मिलने वाली पेंशन नहीं मिल रही है वह भी 4 माह की. जिसके लिए वह पिछली तीन जनसुनवाई में आ चुके हैं उनकी शिकायत का समाधान नहीं हुआ है.



## विधवा महिला और बच्चों को मिला संपत्ति में अधिकार

जनसुनवाई में एक विधवा महिला ने बताया कि पति के निधन के बाद ससुराल पक्ष ने उसे और उसके दो बच्चों को घर से अलग कर दिया तथा न तो भरण-पोषण दिया और न ही पति की संपत्ति में हिस्सा दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने महिला को तत्काल वन स्टॉप सेंटर भेजने के निर्देश दिए. परामर्श के बाद ससुराल पक्ष ने बच्चों की स्कूल फीस जमा कराने, नियमित भरण-पोषण राशि देने तथा बच्चों को उनके पिता की पैतृक भूमि में समान अधिकार देने पर सहमति जताई. प्रशासन की पहल से महिला और उसके बच्चों को राहत मिली.

## किसान को मिला गेहूं उपार्जन का भुगतान

गुलाबगंज तहसील के ग्राम वन जागीर निवासी तखत सिंह राठौर ने शिकायत की थी कि गेहूं उपार्जन की राशि गलत खाते में चली गई है. जिला सहकारी बैंक ने मामले का निराकरण करते हुए सही खाते में राशि जमा करा दी, जिससे किसान को राहत मिली. वहीं मदन सिंह रैकवार के बीमा पॉलिसी क्लेम से जुड़े आवेदन पर भी कार्रवाई जारी है। पैन कार्ड से संबंधित तकनीकी समस्या के समाधान के लिए बैंक द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है ताकि आवेदक को शीघ्र बीमा लाभ मिल सके.

## चार महीने से नहीं मिली 600 पेंशन, 100 किमी सफर तय कर भी निराश लौटे दिव्यांग



सरकारी व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल खड़ा करती एक तस्वीर मंगलवार की जनसुनवाई में देखने को मिली. करीब 100 किलोमीटर का सफर तय कर जनसुनवाई में पहुंचे दिव्यांग पप्पू शर्मा अपनी समस्या का समाधान न होने से एक बार फिर निराश होकर लौट गए. पप्पू शर्मा ने बताया कि उन्हें मिलने वाली 600 प्रतिमाह पेंशन. पिछले चार महीने से बंद है. पेंशन शुरू कराने की उम्मीद में वे अब तक तीन बार जनसुनवाई में आ चुके हैं. हर बार आने-जाने में करीब 300 खर्च हो जाते हैं. इस तरह वे अब तक लगभग 1,000 सिर्फ अधिकारियों के चक्कर लगाने में खर्च कर चुके हैं, जबकि उनकी चार माह की पेंशन की राशि मात्र 2,400 है. आर्थिक तंगी और शारीरिक परेशानी के बावजूद बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर पप्पू शर्मा की स्थिति सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है. उनकी मजबूरी देखकर सहज ही यह सवाल उठता है कि जब एक दिव्यांग व्यक्ति अपनी छोटी-सी पेंशन के लिए बार-बार भटक रहा है, तो व्यवस्था उसकी मदद करने में इतनी असहाय क्यों दिखाई दे रही है. स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों का प्राथमिकता से निराकरण होना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को अपने अधिकार के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें.

# स्कूली वाहनों की जांच में 8 वाहनों पर कार्यवाही

- करीब 9 हजार का शमन शुल्क वसूला
- मिशन सुरक्षित बचपन सुरक्षित सड़क के तहत कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 30 जून, स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन सुरक्षित बचपन, सुरक्षित सड़क के तहत सिरोंज यातायात पुलिस द्वारा विशेष स्कूल वाहन सुरक्षा जांच एवं यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया.**

यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला के नेतृत्व में अभियान के दौरान स्कूल बस, वैन, ऑटो एवं अन्य स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों की गहन जांच की गई. साथ ही वाहनों में सीसीटीवी कैमरा, फर्स्ट एड किट, अग्निशमन यंत्र एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का भी निरीक्षण किया गया. जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 8 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई. इस कार्यवाही में करीब 9 हजार का शमन शुल्क वसूल किया गया. संबंधित वाहन चालकों को भविष्य में नियमों का कड़ाई से पालन करने की समझाईश भी दी गई. बारिश के मौसम को देखते हुए सभी स्कूल वाहन चालकों को वाहनों में मजबूती जाली और वर्षा से बचाव की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए. सभी वाहन चालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि वाहन चलाते समय अथवा बच्चों के सामने किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन पूर्णतः वर्जित है. यातायात नियमों का पालन करते हुए निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें.



## विधायक की मौजूदगी में समीक्षा बैठक आज

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** सिरोंज में बुधवार 1 जुलाई को आजीविका मिशन भवन सिरोंज वन विभाग कार्यालय के सामने दोपहर 2 बजे से समीक्षा बैठक रखी गई है. बैठक में विधायक उमाकांत शर्मा की मौजूदगी में विभिन्न विभागों में समीक्षा की जावेगी.

## गेहूं की उपज का भुगतान कराने की मांग




**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** गेहूं की तुलाई ऑनलाइन चढ़ाने एवं भुगतान कराने की मांग को लेकर कृषक नरेंद्र कुमार बरसेना ने अनुविभागीय अधिकारी को मंगलवार को एक आवेदन सौंपा. जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने गेहूं की तुलाई 20 मई को 82 बोरी एवं 21 मई को 65 बोरी की तुलाई की गई. जिसकी हस्तलिखित रशीद प्रदान की गई, लेकिन आनलाइन चढ़ाई नहीं गई. जिससे उनको परेशान होना पड़ रहा है. उन्होंने गेहूँ का भुगतान कराने की मांग की.

## बाजार में गुंडागर्दी करने वाले तीन आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** हैदरगढ़ थाना पुलिस ने बाजार में सरेआम मारपीट और गुंडागर्दी करने वाले तीन आरोपियों को घटना के कुछ घंटों के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस के अनुसार 29 जून को फरियादी अनिकेत लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गनेशराम कुशवाह, आदेश कुशवाह और रूपसिंह कुशवाह ने पुरानी रंजिश के चलते बाजार में रास्ता रोककर डंडों से मारपीट की. पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में की गई.

# स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के दो विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड के लिए इंडोनेशिया जाएंगे

- एआई आधारित कृषि शोध परियोजना का हुआ चयन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के छात्र अभिषेक कुमार और दिव्यांशु राय का चयन अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजना ओलंपियाड-2026 के अंतिम चरण के लिए हुआ है. दोनों विद्यार्थी 23 जुलाई को इंडोनेशिया में आयोजित प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे.**

दोनों ने जीवनक्रेट कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर शोध परियोजना तैयार की है. यह एआई और इंटरनेट आधारित तकनीक से फसल कटाई के बाद फलों एवं सब्जियों की ताजगी की निगरानी कर कृषि उत्पादों की बर्बादी रोकने तथा किसानों की आय बढ़ाने का समाधान प्रस्तुत करती है. प्रतियोगिता के लिए पूरे देश से केवल पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें मध्य प्रदेश से चयनित होने वाले अभिषेक और दिव्यांशु एकमात्र छात्र हैं. अभिषेक कुमार इससे पहले इसरो के युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम-2026 के लिए भी चयनित हो चुके हैं और श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं.



विद्यालय के शिक्षक रोहित शुक्ला के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की. प्राचार्य विनय अग्रवाल ने इसे विद्यालय की नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाली शिक्षा का परिणाम बताया. वहीं संचालक योगेंद्र सिंह राणा, निदेशक करण प्रताप सिंह राणा एवं मीनल राणा ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

# जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत 20 कुओं की हुई सफाई

## नपा ने कराए 12 हैण्डपम्प खनन

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** नगरपालिका द्वारा मंगलवार को जलगंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने कहा कि नगरपालिका द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्य कराये जा रहे हैं. जिनमें कुओं, बावडियों, तालाब, नदी की सफाई के कार्य निरंतर जारी है. अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह किया. सीएमओ ने बताया कि नगरपालिका द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत करीब 20 कुओं की सफाई कराई गई, बावडियों की सफाई कार्य जारी है. शहर के ऐसे कुए चिन्हित किये गये जिनका पूर्व में पानी पीने योग्य था तथा वर्तमान में पूर्णतः बंद हो गये है. ऐसे कुओं का जीर्णोद्धार नगरपालिका द्वारा किया जा रहा है. प्रथम चरण में पाईप लाईन तथा पानी की सुविधा उपलब्ध नही होने वाले स्थानों को चिन्हित कर 12 हेण्डपम्प खनन नगरपालिका द्वारा किये जा चुके हैं. कार्यक्रम के अंत में सीएमओ ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम में सचिन शर्मा, राजू कुशवाह, राजा मियां, गुड्डु यादव, नपा उपयंत्री मिथलेश दीक्षित, बालमुकुंद कुशवाह सहित नपा के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे.



## जमीनी विवाद में कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** ज़मीनी विवाद में कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी को थाना कुरवाई पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. पुलिस ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रकरण में हत्या के प्रयास की धारा भी जोड़ दी है.

## गोवर्धन में गूंजेगा राम नाम, नौलखी खालसा श्रीमहंत सुनाएंगे श्रीराम कथा

**श्री द्वारिकेश लाल प्रभु के मंगल पाटोत्सव पर 2 से 8 जुलाई तक आयोजन**

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, श्री द्वारिकेश लाल प्रभु के मंगल पाटोत्सव के पावन अवसर पर ब्रजभूमि गोवर्धन में 2 जुलाई से सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ होगा. कथा का वाचन नगर के नौलखी खालसा श्रीमहंत एवं सुप्रसिद्ध कथा व्यास राम मनोहरदास जी महाराज करेंगे.**

यह आयोजन 2 से 8 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से वेद विद्या संस्थान, हरिपुरा (गोवर्धन) में होगा. कथा के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म, भक्ति एवं मर्यादा पर आधारित प्रसंगों का श्रद्धालुओं को रसपान कराया जाएगा. आयोजक एवं वेद विद्या संस्थान के संस्थापक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि कथा के साथ श्रद्धालुओं को श्री द्वारिकेश लाल प्रभु के विभिन्न मनोरथों एवं दिव्य श्रृंगार दर्शन का भी लाभ मिलेगा. आयोजन को लेकर ब्रज क्षेत्र में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है और उनके स्वागत के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं. उन्होंने बताया कि कथा स्थल पंचमुखी हनुमानजी मंदिर के पीछे, छोटी परिक्रमा मार्ग स्थित वेद विद्या संस्थान, हरिपुरा रहेगा. सात दिवसीय आयोजन के दौरान श्रीराम कथा के साथ भजन, संकीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे. श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की गई है.

## मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की हुई बैठक

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की खंड बैठक आयोजन शिवाजी बस्ती पर किया गया. बैठक मातृशक्ति सिरोंज नगर प्रखंड संयोजिका राजकुमारी दुबे कहा कि हम तभी ताकतवर बनेंगे.

## विद्यार्थियों को दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** विद्यालयों में उपस्थित विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, यातायात संकेतों के पालन तथा सुरक्षित तरीके से सड़क पार करने के संबंध में जानकारी दी गई. विद्यार्थियों को अपने परिवार एवं समाज में भी सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया. यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा से समझौता न करें. बच्चों को ऐसे वाहनों में स्कूल भेजने से बचें जिनमें क्षमता से अधिक बच्चे बैठाए जाते हों अथवा जिनके आवश्यक दस्तावेज पूर्ण न हों.

मौन सूचना
विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.
ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.
मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO
विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250
और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

## नेत्रों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म, सद्गुरु विज़न सेंटर में नि :शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर में स्व. श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया. शिविर का आयोजन पूर्व सांसद श्री नकुलनाथ के जन्मोत्सव के अवसर पर सेवा दिवस के रूप में किया गया.**

शिविर में डॉ. धर्मेंद्र अहिरवार ने 124 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव संबंधी जानकारी दी. जांच के दौरान 31 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा गया. कैंप प्रभारी के निर्देशन में काउंसलिंग टीम द्वारा 29 मरीजों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया. ट्रस्ट की ओर से 31 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं, जबकि 33 मरीजों के चश्मों के नंबर निकाले गए. शिविर में मरीजों की ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच भी की गई.

शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं सद्गुरु स्वर्गीय श्री रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. कार्यक्रम में मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. ए.के. जैन, वरिष्ठ समाजसेवी गणेश राम रघुवंशी, सुरेंद्र भारद्वाज, जगदीश अग्रवाल, डॉ. धर्मेंद्र अहिरवार, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, मोहन सैनी, साहूजी सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे. सभी वक्ताओं ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है. कार्यक्रम में सरदार सिंह सिसोदिया ने भी सहयोग प्रदान किया. अंत में सुनील बाबू पिंगले ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में भी निःशुल्क नेत्र शिविरों का आयोजन लगातार किया जाएगा.

# मंडी खाली करने के नोटिस से बढ़ी चिंता

- कारोबारियों ने वैकल्पिक स्थान जल्द तय करने की उठाई मांग
- स्थायी ठिकाने की मांग को लेकर फल-फ्रूट व सब्जी विक्रेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 30 जून. पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर से दुकानें हटाने के नोटिस के बाद फल-फ्रूट एवं सब्जी विक्रेताओं ने अपनी आजीविका को लेकर चिंता जताते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. विक्रेताओं ने मांग की कि उन्हें हटाने से पहले कारोबार के लिए स्थायी और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जाए.**

पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में वर्षों से फल-फ्रूट एवं सब्जी विक्रेता अपना व्यवसाय कर रहे हैं. मंडी प्रशासन ने मुनादी और नोटिस जारी कर परिसर तत्काल खाली करने के निर्देश दिए हैं. प्रशासन का कहना है कि मंडी परिसर में शासकीय अस्पताल का निर्माण हो चुका है तथा अब गीता भवन का निर्माण प्रस्तावित है. इसके अलावा परिसर में फैली गंदगी, बरसात में कीचड़ और बदबू की समस्या के कारण भी जगह खाली कराना आवश्यक है. विक्रेताओं का कहना है कि नगर पालिका ने पहले एक स्थान चिन्हित किया था, लेकिन वहां उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अधिकांश कारोबारी नहीं पहुंचे. इसके बाद दूसरे स्थान का चयन करने की बात कही गई, लेकिन अब तक कोई अंतिम स्थान तय नहीं किया गया. उनका आरोप है कि उन्हें लगातार एक स्थान से दूसरे स्थान भेजा जा रहा है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है. ज्ञापन में विक्रेताओं ने सुझाव दिया कि पुराने बस स्टैंड से मदन बाबू मिश्रा पार्क तक का क्षेत्र, कांजी हाउस की खाली पड़ी भूमि अथवा नवीन बस स्टैंड स्थित पुरानी सब्जी मंडी परिसर को विकसित कर उन्हें वहां बसाया जा सकता है. उनका कहना है कि इन स्थानों पर पर्याप्त जगह उपलब्ध है और आवश्यक सफाई एवं व्यवस्थाएं कर सभी फल-फ्रूट एवं सब्जी विक्रेताओं को स्थायी रूप से स्थापित किया जा सकता है. विक्रेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि शहर में कई स्थानों पर वर्षों से अतिक्रमण बना हुआ है, लेकिन उसे हटाने के बजाय गरीब फल-फ्रूट एवं सब्जी विक्रेताओं को हटाया जा रहा है. उनका कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाकर उपलब्ध भूमि का उपयोग किया जाए तो सभी व्यापारियों के लिए स्थायी सब्जी मंडी विकसित की जा सकती है. विक्रेताओं ने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द स्थायी स्थान चिन्हित कर उन्हें वहां बसाया जाए, ताकि उनका कारोबार प्रभावित न हो और आम लोगों को भी सुविधाजनक स्थान पर फल एवं सब्जियां उपलब्ध होती रहें.

## बूढ़ापुरा व नवीन बस स्टैंड क्षेत्र में मंडी विकसित करने का दिया सुझाव

व्यापारियों ने यह भी कहा कि पुराने बस स्टैंड से मदन बाबू मिश्रा पार्क तक, कांजी हाउस की खाली भूमि तथा नवीन बस स्टैंड स्थित पुरानी सब्जी मंडी परिसर भी उपयुक्त विकल्प हो सकते हैं. उनका कहना है कि प्रशासन को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करना चाहिए और सभी पक्षों से चर्चा कर व्यावहारिक निर्णय लेना चाहिए. इससे पूरे शहर के लिए व्यवस्थित सब्जी बाजार विकसित हो सकेगा और कुछ व्यापारी आसपास की दुकानों को किराए पर लेकर भी अपना व्यवसाय कर सकेंगे. प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने कहा कि वे किसी प्रकार का टकराव नहीं चाहते, लेकिन यदि उनकी आजीविका की अनदेखी की गई तो उन्हें फल-फ्रूट एवं सब्जी का कारोबार पूरी तरह बंद करना पड़ सकता है. उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में शहरवासियों को सब्जियों और फलों की उपलब्धता प्रभावित होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की होगी. व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि उनके हित में शीघ्र निर्णय लेकर स्थायी स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनका रोजगार भी सुरक्षित रहे और शहरवासियों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकें.

**बैठक** | **हरिद्वार में संतों और विहिप के शीर्ष नेतृत्व की बैठक में निर्णय, गंजबासौदा के नौलखी आश्रम से शुरू हुई थी आध्यात्मिक यात्रा**

# राम मंदिर आंदोलन के योद्धा जगद्गुरु डॉ . रामकमलाचार्य वेदान्ती बने श्रीराम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. हरिद्वार में आयोजित संत समाज और विश्व हिंदू परिषद ( विहिप ) के शीर्ष नेतृत्व की मार्गदर्शक मंडल बैठक में जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ. रामकमलाचार्य वेदान्ती जी महाराज को विहिप द्वारा संचालित श्रीराम जन्मभूमि न्यास, अयोध्या का अध्यक्ष मनोनीत किया गया. बैठक में देश के शंकराचार्यों, महामंडलेश्वरों, प्रतिष्ठित संतों, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तथा विहिप के अखिल भारतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में उनके नाम पर सहमति बनी.**



वर्तमान में अमेरिका के न्यू जर्सी में धार्मिक कार्यक्रमों में व्यस्त डॉ. वेदान्ती जी ने दूरभाष पर अपनी नियुक्ति की पुष्टि की. वे लंबे समय से विहिप के मार्गदर्शक मंडल से जुड़े रहे हैं और राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख संतों में उनकी गिनती होती है. राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान डॉ. वेदान्ती जी ने जनजागरण, संत सम्मेलनों और आंदोलन की विभिन्न गतिविधियों में अग्रिम भूमिका निभाई. उनके अनुसार आंदोलन के दौरान उन्हें 17 बार जेल जाना पड़ा, जबकि एक अवसर पर तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यकाल में करीब डेढ़ माह तक जेल में रहना पड़ा. आंदोलन के संघर्षशील संतों के योगदान के सम्मान के रूप में उनकी नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

जगद्गुरु डॉ. वेदान्ती जी की आध्यात्मिक यात्रा गंजबासौदा स्थित श्री नौलखी आश्रम से प्रारंभ हुई. ब्रह्मलीन संत बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज के सान्निध्य में उन्होंने धर्म और वैदिक परंपरा की शिक्षा प्राप्त की. बाद में भोपाल और काशी में रहकर वेद, व्याकरण, मीमांसा और वेदांत का अध्ययन किया तथा आचार्य और वेदांताचार्य जैसी उपाधियां अर्जित कीं. डॉ. वेदान्ती जी ने बताया कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान उन्हें चुनावी राजनीति में आने और वाराणसी से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भी मिला था, लेकिन उन्होंने सत्ता के बजाय धर्म, संस्कृत, शिक्षा और समाज जागरण को अपना कार्यक्षेत्र बनाया. वर्तमान में वे भारत के साथ-साथ अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन सहित कई देशों में रामकथा, श्रीमद्भागवत कथा और वैदिक प्रवचनों के माध्यम से सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं. श्रीराम जन्मभूमि न्यास का गठन राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान संत समाज और हिंदू संगठनों द्वारा विहिप के मार्गदर्शन में किया गया था. अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के भव्य मंदिर निर्माण के बाद अब आंदोलन की विरासत, उसके मूल उद्देश्यों और संत समाज की भूमिका को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से न्यास को पुनः सक्रिय किया जा रहा है. इसी क्रम में जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदान्ती जी महाराज को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है.